Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems being faced by investors –laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा में बड़ी संख्या में निवेशक सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी, आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी, सहारा मल्टी परपज सोसायटी एवं सहारा क्यू शॉप में अपना जमा धन परिपक्वता अवधि के बाद भी नही मिलने के कारण से परेशान है। आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी पर आयकर विभाग, एसओजी व एसएफआईओ की कार्यवाही चल रही है जिससे सोसायटी के बैंक खाते सीज कर दिये है सोसायटी के पास जो प्रोपर्टी है उसके बेचन पर भी प्रतिबन्ध है। सहारा इण्डिया ने अपनी रियल एस्टेट कॉरपोरेशन लि. एवं हाउसिंग इन्वेस्टमेंट में जमा पैसा सेबी ने गलत तरीके से जमा बताने के कारण से कागजो में कॉपरेटिव सायटीयों में जमा कर लिया। सेबी सहारा विवाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय में है तथा न्यायालय के आदेश के कारण 22 हजार करोड़ रूपये सेबी में जमा है। देशभर में लाखो की संख्या में निवेशक भुगतान नही मिलने से परेशान है।